मीडिया समन्वय कार्यालय

जामिया मिल्लिया इस्लामिया

प्रेस विज्ञप्ति 06 जुलाई 2017

## जेएमआई में शब्दावली पर तीन दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

मानव संसाधन विकास मंत्रालय के वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग तथा जामिया मिल्लिया इस्लामिया के वाणिज्य एवं व्यवसाय अध्ययन विभाग द्वारा " भारतीय भाषाओं में शब्दावली : कल , आज और कल " विषय पर संयुक्त रूप से आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं कार्यशाला आज सम्पन्न हुयी ।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि, उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार के कुलपति प्रो. पीयूषकान्त दीक्षित ने मधुर एवं लालित्यपूर्ण संस्कृत में सभा को सम्बोधित किया । उन्होंने न्याय एवं वैशेषिक दर्शन में वैज्ञानिक शब्दावली की बहुतायत उपलब्धता का उल्लेख किया।

इस राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं कार्यशाला का जेएमआई की चांसलर और मणिपुर की राज्यपाल नजमा हेपतुल्ला ने 03 जुलाई को उद्घाटन किया था। यह कार्यक्रम जेएमआई के एम ए अंसारी सभागार में आयोजित हुआ।

प्रो. दीक्षित ने आयोग द्वारा भारतीय भाषाओं में शब्दावली निर्माण के लिए किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए आग्रह किया कि भविष्य में शब्दावली निर्माण या संशोधन करते समय शब्दों और विषय के एकदम मूल तक जाने की कोशिश होनी चाहिए।

उन्होंने जामिया मिल्लिया इस्लामिया में संस्कृत विभाग के खुलने पर अपार हर्ष व्यक्त किया।

समापन समारोह में अध्यक्षीय संबोधन में जेएमआई के प्रो वाइसच चांसलर प्रो. शाहिद अशरफ ने वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली को अधिक सरल बनाने का आग्रह किया।

वाणिज्य एवं व्यवसाय अध्ययन विभाग के अध्यक्ष प्रो. ए. ए. अंसारी ने गीता के प्रसिद्ध श्लोक  कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन का उल्लेख करते हुए बहुत ही सफल कार्यशाला के आयोजन के लिए जामिया के कुलपति, प्रति–कुलपति, कुलसचिव, वित्ताधिकारी तथा  अन्य अधिकारियों के साथ–साथ देश के विभिन्न भागों से आए विद्वानों का आभार व्यक्त किया।

आयोग के अध्यक्ष प्रो. अवनीश कुमार ने आयोग द्वारा किये जा रहे कार्यों एवं भविष्य की चुनौतियों की विस्तार से चर्चा की ।

अम्बेडकर विश्वविद्यालय, दिल्ली के कुलसचिव डॉ. ए. सिकन्दर ने तकनीकी शब्दावली में तमिल आदि दक्षिण भारतीय भाषाओं के शब्दों को सम्मिलित करने का परामर्श दिया ।

कार्यक्रम के संयोजक डॉ. डी.के. धूसिया के अनुसार देश के विभिन्न भागों से लगभग 300 प्रतिनिधियों ने कार्यशाला में हिस्सा लिया। समापन समारोह में जेएमआई के हिंदी एवं संस्कृत विभागों के प्रमुखों के साथ ही अन्य विभागों के अध्यापक एवं छात्र भी उपस्थित थे।

साइमा सईद

जेएमआई मीडिया कोऑर्डनैटर


A A Ansari
Piyush Kant Dixit
Shahid Ashraf
Avanish Kumar
M A Sikandar